नगर निगम का बुलडोजर

मंदिर की एक एकड़ जमीन से हटाए अवैध कब्जे, बना रखे थे मकान और दुकान

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

अवैध कब्जों पर बुधवार को इंदौर नगर निगम ने बुलडोजर चलाकर करीब एक एकड़ जमीन को मुक्त कराया। यह जमीन गणेश मंदिर की बताई जा रही थी। 10 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की इस जमीन पर लोगों ने पूरी तरह से कब्जा कर पक्के मकान और दुकानों का निर्माण कर रखा था। इनमें से दो लोगों ने तो दुकानों का एक बड़ा बाजार तैयार कर रखा था। कुछ दुकानें खुल भी गई थीं, जिनसे मोटा किराया लिया जा रहा था।

इंदौर नगर निगम और प्रशासन ने एमआर-9 मार्ग पर सीलिंग की एक एकड़ जमीन से अवैध कब्जे हटाए। बुधवार सुबह जब अमला मौके पर पहुंचा तो लोगों

ने विरोध शुरू कर दिया, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी और तुरंत मकान-दुकान खाली करने को कहा। अधिकारी दो जेसीबी और एक पोकलेन लेकर पहुंचे थे। सुबह 10 बजे से अवैध निर्माण तोड़ने का काम शुरू कर दिया। एसडीएम जगदीश धनगर ने बताया कि मुक्त कराई गए एक एकड़ जमीन की कीमत 10 करोड़ से अधिक है और लंबे समय से जमीन पर कब्जा था। प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर ही कार्रवाई को अंजाम दिया। एक मकान मालिक कार्रवाई के पहले कोर्ट स्टे ले आया। इस वजह से उसका मकान नहीं तोड़ा गया।

लोहारपट्टी और महारानी रोड क्षेत्र से 7 ट्रक से अधिक सामान जब्त

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देशानुसार मध्य क्षेत्र के आसपास के बाजारों और प्रमुख स्थानों पर फुटपाथ व सड़क किनारे सामान रखने वालों पर बुधवार को निगम ने कार्रवाई की। इस दौरान लोहारपट्टी और महारानी रोड क्षेत्र से सड़कों, फुटपाथ पर रखा 7 ट्रक सामान जब्त किया गया। निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जब्त सामान में कोठी, ड्रम, लोहे की सामग्री शामिल थी। बता दें, निगम द्वारा बम्बई बाजार क्षेत्र में अनाउंसमेंट कर सड़क किनारे व फुटपाथ पर सामग्री नहीं रखने की भी अपील की गई है।

कोरोना की फिर दस्तक..., स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर

लापरवाही : एक साल बाद भी शुरू नहीं हुई जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9009585701

कोविड महामारी ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग को चिंता में डाल दिया है। मालदीव से लौटे महिला-पुरुष की पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद इंदौर शहर के हर अस्पताल में स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड में आ गया है, लेकिन इस बीच विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। यह भी तब जब नए वेरिएंट की शहर में एंट्री हो गई है। दरअसल महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) में लाखों रुपए की लागत से लाई गई जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन सालों बाद भी रिबन कटने का इंतजार कर रही है। जब से यह मशीन बुलाई गई है तब से आज तक एक सैंपल की भी जांच नहीं की गई।

कोविड संक्रमण की दो खतरनाक लहरों के बाद इंदौर में 1 दिसंबर 2022 को एमजीएम मेडिकल कॉलेज में जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन को लगाया गया था। इसके पहले कोरोना के सैंपल भोपाल भेजे जाते थे, क्योंकि यहां पर्याप्त साधन नहीं थे, लेकिन जब से यह मशीन लगी है तब से अब तक एक बार भी कोविड का टेस्ट इस मशीन के जरिए नहीं हुआ। आज भी किसी को भी कोरोना होता है तो उसके सैंपल भोपाल ही भेजे जाते हैं। अभी हाल ही में कोरोना के नए वेरिएंट की दो मरीजों के सैंपल भी भोपाल लैब में भेजे हैं।

मशीन को लेकर किए गए थे ये दावे

दूसरी लहर के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन भेजी थी। इस मशीन के आने के बाद दावा था कि किसी भी वायरस के वेरिएंट की जांच इससे हो सकेगी। इसके लिए अब इंदौर को भोपाल और दिल्ली पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। यह मशीन एक महीने में काम करना शुरू कर देगी, लेकिन साल भर हो गया है मशीन अब तक शुरू नहीं हुई है। कुछ माह पूर्व मशीन का उपयोग करने के लिए नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल (एनसीडीसी) के विशेषज्ञों द्वारा शहर के डॉक्टरों को तीन दिन की ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। बावजूद भी अभी तक यह शुरू नहीं हो पाई है।

स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट

- 48 ऑक्सीजन प्लांट हैं इंदौर के कई अस्पतालों में
- 36 ऑक्सीजन प्लांट ही वालू हैं 48 प्लांट में से
- 12 ऑक्सीजन प्लांट में छोटे-मोटे मेंटेनेंस हैं
- 05 हजार से अधिक बेड तैयार स्थिति में

घबराने की कोई बात नहीं : नोडल अधिकारी

आईडीएससी नोडल अधिकारी अमित मालाकार ने बताया कि कोरोना का नया वैरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है। इसलिए घबराने की कोई बात नहीं है, लेकिन स्थिति ऐसी बनती है तो शहर में पांच हजार साल से चार बेड तैयार हैं। वहीं कोविड के प्रोटोकॉल के अनुरूप सोशल डिस्टेंसिंग बनाकर रखें। मास्क का प्रयोग करें। साथ ही एयरपोर्ट में 2 प्रतिशत लोगों की रेंडम जांच जारी रहेगी है। भविष्य में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की इसको लेकर कोई गाइडलाइन आती है उनके अनुसार कार्य किया जाएगा। साथ ही जिन में कोविड के लक्षण दिखाई देते हैं, उनका आईएलआर आईआर कराएंगे। सामान्य मरीजों की जांच नहीं करेंगे। मरीज भी आईसीएमआर लैब या जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में जांच कराएं।

भोपाल एम्स भेज रहे हैं सैंपल

फिलहाल सैंपल भोपाल एम्स भेजे जा रहे हैं। यहां मशीन का इंस्टालेशन हो चुका है। इसे चालू करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। इसके लिए छह लाख रुपए मंजूर किए थे। साथ ही मशीन के लिए आवश्यक किट उपलब्ध होने के बाद मशीन शुरू की जाएगी। यदि इंदौर में नंबर ऑक्पेंसी आते हैं तो भोपाल से अनुमति मिलने के बाद इसे शुरू किया जाएगा।
- डॉ. संजय दीक्षित, डीन, एमजीएम मेडिकल कॉलेज

अनुगूंज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में बुधवार को अनुगूंज कार्यक्रम हुआ। इसमें 12 शासकीय विद्यालयों के 350 विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रख्यात समाजसेवी जनक पलटा, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, मेयर इन काउंसिल के सदस्य नंदकिशोर पाहाड़िया, पार्षद कंचन गिदवानी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरविंद सिंह बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक शिक्षा पूजा सक्सेना ने किया। विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ हिरदेराटी निभाते हुए रंगारंग सांस्कृतिक और संगीत की प्रस्तुतियां दीं। शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिव वंदना, लोक नृत्य फ्यूजन, नारी एक, रूप अनेक तथा कृष्ण चरित्र पर आधारित नृत्य नाटिका, अनेकता में एकता को प्रस्तुत करते हुए गायन की सुरमयी प्रस्तुतियां और वादन की प्रस्तुति दी। सचापन पंजाब के प्रसिद्ध लोकनृत्य भांगड़ा के साथ हुआ। यह कार्यक्रम लगभग 3 घंटे चला। इस मौके पर चित्रकला एवं फोटोग्राफी संबंधी कार्यशाप में 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

खजाना भरने नगर निगम शीघ्र करेगा सर्वे

खबरदार..! घर में खोली दुकान तो देना होगा व्यावसायिक टैक्स

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

पीपुल्स समाचार एक्सक्लूसिव

निगम अपनी कंगाली खत्म करने नित-नए जतन कर रहा है। इसके बावजूद खजाना भर नहीं पा रहा है। तमाम प्रयासों के बाद भी कई लोग ईमानदारी से टैक्स जमा करने से बच रहे हैं। लोक अदालतों के माध्यम से जरूर करोड़ों रुपए निगम के खाते में जमा होते हैं। अपनी माली हालत सुधारने निगम अब नवाचार करने जा रहा है। अगले साल से जिन घरों में छोटी-बड़ी दुकानें संचालित हो रही हैं, उनके मालिकों से कमर्शियल टैक्स लिया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही टीम गठित कर दुकानों का सर्वे करेंगे।

पांच हजार नए खाते बनने की संभावना

प्रमुख मार्गों, गलियों में कई ऐसे मकान हैं, जिनके मालिकों ने दुकानें किराए पर दे रखी हैं और रेटेबल संख्यायों का गुणा रहे हैं। कुछ ऐसे भी भवन मालिक हैं, जो खुद अपनी संपत्ति के एक हिस्से में किराना, जनरल स्टोर्स, एमपी ऑनलाइन, फोटोग्रॉफी, हेयर सैलून जैसी दुकानें चला रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इनकी संख्या 4 से 5 हजार है। निगम इन मकानों में चलने वाली दुकानों का सर्वे कर ने कमर्शियल खाते खोलेगा।

घर में दुकान चलाने वालों से वसूलेंगे व्यावसायिक टैक्स

घरों में कई लोगों ने दुकानें खोल रखी हैं। वे टैक्स अवासीय संपत्ति का दे रहे हैं, जो नियमानुसार गलत है। ऐसे संपत्तियारकों का सर्वे कर उन्हें व्यावसायिक टैक्स योजना में शामिल कर राशि वसूली जाएगी।
- निरंजनसिंह चौहान, प्रभारी राजस्व विभाग

स्कूल से गायब मिले शिक्षक और स्टाफ को कारण बताओ नोटिस

इंदौर। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और स्टाफ के गायब होने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह मामला खजराना के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है। वहां पर जिला शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। वहां पर स्टाफ के छह लोग गायब मिले। इसमें शिक्षक से लेकर भृत्य तक लापता मिले। जब उनके बारे में पता किया तो उन्होंने किसी को भी छुट्टी के लिए आवेदन नहीं किया था। बिना किसी को सूचना दिए वे लोग अपनी ड्यूटी से गायब मिले।

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल की निरीक्षण किया और वापस आ गए। इसके बाद में कार्यालय से सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार अंजलि गाडगिल, बलसंया सरा अब्राहम, स्मिता उपाध्याय, मीना, विमल सहायक ग्रेड-3, भृत्य मोहम्मद खां, कैलाश चंद्र यादव को यह नोटिस जारी किया गया है। उन्हें तीन दिन में जवाब देना है कि वह ड्यूटी से कहां पर गायब रहे।

सीने में हुआ दर्द, फिर आया पसीना अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई मौत

बीए प्रथम वर्ष की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत से परिवार में छाया मातम

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9009585701

छात्रा संजना यादव की हार्ट अटैक से मौत के बाद से परिवार में मातम छाया हुआ है। माता-पिता बेसुध हो गए हैं। 17 वर्षीय छात्रा की मौत से पूरी कॉलोनी में शोक का माहौल है। कोई यकीन ही नहीं कर रहा है कि संजना को हार्ट अटैक आ सकता है। बता दें कि संजना के पिता-माता मजदूरी करते हैं। उनको एक बेटी और बेटा है। संजना बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी और पढ़ाई में भी होशियार थी। संजना के पिता ने बताया कि संजना ने हमें खाना बनाकर खिलाया। उसने भी हमारे साथ खाना खाया। वह सोने के लिए जा रही थी कि उसके सीने में अचानक दर्द हुआ, उसे पसीना भी बहुत आ रहा था। हम तुरंत ही उसे एमवाय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवाओं में हार्ट अटैक की समस्या तेजी से बढ़ रही

हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. अलोक जैन ने बताया कि युवाओं में हार्ट अटैक की समस्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इतनी कम उम्र के बच्चों में यह समस्या असामान्य है। बच्चों में हार्ट अटैक का खतरा तनाव में ब्लॉकेज के कारण नहीं होता बल्कि जन्मजात या पैदाइशी समस्या के कारण होता है। हार्ट में छेद होना, मांसपेशियों का बड़ा या छोटा होना, नसों में समस्या होना या हार्ट का वाल्व ब्लॉकेज होना बच्चों में हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। ये समस्याएं आमतौर पर ईसीजी द्वारा पहचानी जा सकती हैं लेकिन बच्चों में ये समस्या कभी जांचों में नहीं आपाती।

हार्ट अटैक का मुख्य कारण हेरेडिटरी डिसलिपिडेमिया और कार्डियोमायोपैथी

शैल्बी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धांत जैन ने बताया कि बच्चों में सामान्यतः हार्ट अटैक की समस्या नहीं होती, लेकिन अगर इतनी कम उम्र में किसी को हार्ट अटैक आता है तो उसके मुख्य कारण हेरेडिटरी डिसलिपिडेमिया और कार्डियोमायोपैथी हो सकता है। हेरेडिटरी डिसलिपिडेमिया यानि अनुवांशिक रूप से लिवर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत अधिक होना और कार्डियोमायोपैथी मतलब अवानक से आर्टिरीज का ब्लॉक होकर कट जाना है।

लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- खानापान पर नियंत्रण करें।
- ठंड में सुबह जल्दी घूमने ना जाए, धूप निकलने के बाद घूमने जाए।
- सीने में दर्द, घबराहट और पसीना आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ले।

डीएवीवी में ईसी की बैठक कल, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

बैठक में हंगामे के आसार

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9009585701

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्य परिषद (ईसी) बैठक 22 दिसंबर को होगी। बैठक में विद्यार्थी हितैषी शैक्षणिक कैलेंडर के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अब तक समय पर परीक्षा और रिजल्ट नहीं आने से एडमिशन में भी देरी हो रही है। इसके कारण विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्ष नहीं हो पा रहा है। कार्यपरिषद सदस्यों ने इसे गंभीरता से लिया और इस बैठक में खासतौर पर इसी मुद्दे पर चर्चा होगी। कार्यपरिषद सदस्य अनंत पंवार ने बताया कि पिछली बैठक में हमने विधि अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्षों के साथ तालमेल का मुद्दा रखा था। इससे सभी कॉलेजों में होने वाली विद्यार्थियों की परेशानियों को साझा किया जा सकेगा, जिसमें विश्वविद्यालयीन

विजन-2030 पर भी होगी चर्चा

सन 2030 में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कैसा हो। बढ़ती छात्र संख्या के साथ भौतिक विकास और पाठ्यक्रमों पर भी फोकस जरूरी है। सबसे बड़ी कमी शिक्षकों की है। इसको लेकर पिछले तीन महीनों से साक्षात्कार चल रहे हैं। इसमें हो रही तेलतलैली को लेकर भी हंगामे के आसार हैं।

स्तर की मदद का रास्ता खुल जाएगा। अब तक कॉलेज लेवल की परेशानियों को लेकर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

आशीष की आकांक्षा से पोस्ट किया भाषण मिला आशीर्वाद

इंदौर। निर्माणिया स्थित जीपीएस स्कूल में कक्षा 7वीं की छात्रा आराध्या शर्मा, जो बचपन से ही देशभक्ति से ओतप्रोत है जोशीले भाषण और कविता बोलती है, उन्होंने प्रसिद्ध स्कूल में अंतर सदन भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें छात्रा ने वरिष्ठ भाजपा नेता स्मृति ईरानी का किरदार निभाते हुए उनके दिए भाषणों के कुछ अंश बोले थे, जिससे वे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित हुई थी। उसी भाषण का छोटा-सा अंश उनकी मां ने ट्वीटर पर स्मृति ईरानी के आशीष को आकांक्षा से पोस्ट किया। उनके आश्चर्य का तब ठिकाना नहीं रहा, जब स्मृति ईरानी ने आराध्या को आशीर्वाद देते हुए जवाब दिया। उनकी यह बात सरलता, विनम्रता सभी के हृदय को छू लेती है, इसीलिए स्मृति ईरानी युवा वर्ग की प्रेरणास्रोत हैं।

रेलवे लाइन से प्रभावित किसान कमिश्नर से मिले

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926064287

इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन एवं पश्चिमी रिंग रोड के प्रभावित किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर कमिश्नर से मुलाकात कर समस्याओं को सामने बताई।

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि किसानों ने कमिश्नर से कहा है कि हम किसी भी कीमत पर कौड़ियों के दाम अपनी जमीन नहीं देंगे। इस पर कमिश्नर मालसिंह ने आश्वस्त किया है कि वे किसानों की बात ऊपर तक पहुंचाएंगे।

मंडलोई ने कमिश्नर को बताया कि अन्नदाताओं के बलपूर्वक उनकी जमीन छीनी जा रही है और उनको परेशान किया जा रहा है। उनकी खड़ी फसल में उनकी मर्जी के बगैर खंभे गाड़े जा रहे हैं एवं उनको डराया-धमकाया जा रहा है, जबकि किसान अपने बाप-दादा की जमीन कौड़ियों के दाम पर प्रशासन को नहीं देना चाहते। किसान नेताओं ने मांग की है कि हमें हमारी जमीन का बाजार मूल्य से चार गुना ज्यादा मुआवजा चाहिए। प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक शिक्षित युवा को योग्यता के अनुसार नौकरी दी जानी चाहिए।

किसानों ने कहा कि जमीन का सरकार ने ट्रोन के माध्यम से सर्वे करवाया है, वह हमें मंजूर नहीं है। पटवारी एवं गिरदावर से जमीन की नपती किसान के सामने करवाई जाए। किसानों ने कमिश्नर को ज्ञापन भी दिया। इस मौके पर प्रेम बागवान, ओमप्रकाश गुड्डा पटेल, जितेंद्र पटेल, मुकुल पटेल, कल्याण सिंह तंवर सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)
CIN:L65910MH1984PLC032639
कॉर्पोरेट कार्यालय : बुंदेल 4 ओपी, जी मॉडल, दीवान एनेक्सी बिल्डिंग, दीवान आनंदराम बारुवेरा मार्ग, लामी जेकब, सायन कोलाड के सामने, गांधीनगर मार्ग, कुर्ला (पश्चिम) इमेल-40007-7 +91 22 5897 4000
शाखा कार्यालय: 503-505, मल्टिस्टार सेंटर ब्लॉक, स्कीम नं. 54, सी/यू-3, विजय नगर, इंदौर-452010
संपर्क व्यक्ति : 1. कमेश कुशवाह-8602399604, 2. कमी प्रसाद मिश्रा मोबाईल-9826158209, 3. श्रीमती केविन-9584906653
ई-नीलामी बिक्री सूचना-अचल संपत्ति बिक्री
सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अंतर्गत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा की जाने वाली प्रतिभूति की बकाया देनदारियों की वसूली के लिए नीचे वर्णित प्रतिभूति अधिकारी का प्राधिकार लेने के अनुक्रम में, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अचल संपत्ति, जिसे नीचे वर्णित किया गया है, "जैसे कि वहाँ है", "जैसे कि वहाँ है" के आधार पर कब्जे देनदार/सीक्योरिटी लेनदार के प्रस्ताव अभ्यावेदनों/बोली के लिए, निम्नलिखित विवरणानुसार है।

उधार खाता संख्या/ प्रतिभूति ऋण का मालिक (ओं)/ गारंटरकर्ता(ओं)	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का पता	आरक्षित मूल्य	जमा धन राशि (EMD) (10% के बराबर)	बोली वृद्धि राशि (20-12-2023)
उधार खाता सं. 00800003369, पूर्वी (मांग) 1. कमल पोरवाल (उधारकर्ता), कमल पोरवाल (सह-कर्जदार) 1) कुसुमदेवी पोरवाल (सह-कर्जदार) 2) प्रदीप कुमार पोरवाल (गारंटरकर्ता) 1)	दि.: 22-02-2022, रु. 1,81,61,360/- (रु. एक करोड़ इकसठ लाख इकसठ हजार एक सौ साठ मात्र)	मकान के सभी टुकड़े और पार्सल विक्रय किया है:- पॉट नंबर 1/1 का हिस्सा, मकान नंबर मकान नंबर 613/2, कालकूपा (कुर्रे हीरो) एक-दो-तीन एवं तीन बाय प्रेस:- 452007 नीमरा जिले:- इंदौर- मध्य प्रदेश:- पश्चि पूर्व: श्री रमेश पांडे और उनके वर्तमान पड़ोसी- श्री	रु. 1,13,00,000/- (रु. एक करोड़ तेरह लाख मात्र)	रु. 1,130,000/- (रु. एक लाख तेरह हजार मात्र)	रु. 2,38,13,096/- (रु. दो करोड़ अड़तीस लाख तेरह हजार निन्यानवे मात्र)

ई-नीलामी दिनांक :06-01-2024, 11:00 बजे से 02 घंटे तक, प्रत्येक 5 मिनट के अतिरिक्त विस्तार के साथ। बोली जमा करने की अंतिम तिथि-05-01-2024 4 बजे तक
बिक्री के विस्तृत विवरणों और शर्तों के लिए, कृपया www.piramalfinance.com/e-Auction.html पर दिए गए लिंक को देखें या ईमेल piramal.auction@piramal.com पर लिख मारें।
धरोहर की अतिरिक्त के साथ उपलब्ध संपत्ति/संपत्ति को नीलामी/बेचा जाएगी और उसे वापस लेने की तिथि 15 दिनों की होगी पश्चात
उपरोक्त प्रतिभूति ऋणी/गारंटर/गारंटरकर्ता धारा 13(2) नोटिस में प्रतिभूति ऋण का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले कर अतिरिक्त व्यय के साथ पूर्ण रूप से करने के लिए देय जाता है, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बेचा जाएगी और शेष राशि यदि कोई होगी उधारकर्ता/गारंटर से ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा
दिनांक: 21 दिसम्बर 2023
स्थान: भोपाल
हस्ते/- (प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आई-सीआई-सीआई होम फायनेंस कम्पनी लिमिटेड आई-सीआई-सीआई स्क्वायरी टावर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: कार्यालय नं.106, प्रथम मंजिल, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा इन्दौर-452001
(नियम 8(6) के परंतुक देखें)
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों की बिक्रीके लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस
एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और कारंटीदार (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति गिरवी लेनदार को गिरवी/रखी गई थी, जिसका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संपत्ति विवरणों के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है वहीं है" और "बेतुकापन्ती है" के आधार पर।

क्र. सं.	कर्जदार का नाम/सह कर्जदार/गारंटर/गारंटी लेनदार/ऋण खाता संख्या	गुणवत्ता संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, जो बोली है	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / ब्याना जमा	धरोहर निवेशन का दिनांक व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	राजेन्द्र कुमार यादव (ऋणकर्ता) संध्या यादव (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता में. LHDMN00001278049एवं NHBND00001320780	प्लाट नं. 26 प्रथम मंजिल मेजनाइन मंगल नगर एक्स्टेंशन 454552	रु. 1,78,37,644/- दिनांक 15, 2023	रु. 73,30,500/- रु. 7,30,050/-	दिनांक 03, 2024 11:00 AM-02:00 PM-03:00 PM	दिनांक 09, 2024 11:00 AM-02:00 PM-03:00 PM

अधिकृत नीलामी प्रदाता आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्लेटफार्म (सुधारगत लिंक-https://ElestAuctionDeal.com) पर आयोजित की जाएगी। बिक्री रद्दने वाली/स्थगित की जा सकती है। नीलामी 06 जनवरी 2024, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त समय के साथ दुगने देय राशि का भुगतान करने का अधिकार बिक्री देय राशि है अन्यथा इस सूचना में उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संपत्ति संलग्नताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, कार्यालय नं.106, प्रथम मंजिल, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा इन्दौर-452001 में 06 जनवरी 2024 को सायं 04.00 बजे तक या उससे पहले बकाया राशि जमा (हमारी) आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रोस टीडी) (सीमित दरों) जमा करना होगा। संपत्ति संलग्नताओं की पहचानकर्ता फॉर्म और बोली विवरण और शर्तों की हस्तांतरित होने पर जमा करनी होगी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, कार्यालय नं.106, प्रथम मंजिल, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा इन्दौर-452001 को 06 जनवरी 2024 से उससे पहले 05.00 बजे से पहले तक जमा की जा सकती है। बकाया राशि जमा विलंब शुल्क (दीडी) नामांकन-मैसर्स "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक एक्टीवेटेड (अनुसूचित) बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदा को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के 9922807300 पर सम्पर्क करें या मैसर्स एलेस्ट एसेट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी किसी भी कारण बताए बिना या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/
दिनांक: 21 दिसम्बर 21, 2023
स्थान: इन्दौर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड